# जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

उपरोक्त विषयक दिनांक 28.03.2025 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा द्वारा जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा की गई। समीक्षा में निम्नलिखित अधिकारियों/अभियन्ताओं/फर्म प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
2. श्री दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
3. श्री कन्हैया लाल, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, मथुरा।
4. श्री राजीव कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
5. श्री भूपेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
6. श्री सुशील कुमार सिंह, एसडीओ, वन विभाग, मथुरा।
7. श्री राकेश कुमार शर्मा, जी0एम0, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
8. श्री अशोक ठाकुर, पी0एम0 पी0एम0 पैकेज–I, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
9. श्री दिलीप शर्मा, डी0पी0एम0, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा।
10. श्री सुमित वर्मा क्यू0ए0/क्यू0सी0, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा क्लस्टर, मथुरा।
11. श्री मोहित सिंह जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट, मथुरा।
12. श्री जे0पी0 शुक्ला, बजरंग सेवा समिति, आईएसए संस्था, चित्रकूट।
13. श्री कैलाश शर्मा, स्टुडेंट रिलीफ सोसाइटी, आईएसए संस्था, जयपुर।

बैठक के प्रारम्भ में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा पिछली बैठक की अनुपालन आख्या एवं योजना के कार्यों की प्रगति समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा पिछली बैठक की अनुपालन आख्या एवं वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मथुरा में सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजनाओं के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, कार्यों की प्रगति रिपोर्ट निम्नानुसार है –

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 28.03.2025) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Supply of MS pipes | TARGET | 55.900 KM | 100% | 90% |
| | | ACHIEVEMENT | 52.50 KM | | |
| 2 | Supply of DI pipes | TARGET | 1178 KM | 100% | 65% |
| | | ACHIEVEMENT | 750 KM | | |
| 3 | sedimentation tank at Palra (23000KL) | TARGET | 1 Nos | 100% | 40% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 4 | Water Treatment Plant( 188.50 MLD) | TARGET | 1 Nos | 100% | 27% |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 5 | Clear water Reservior & Pump House | TARGET | 8 Nos | 100% | 25% |
| | | ACHIEVEMENT | 7 -WIP | | |
| 6 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Clear Water Rising Mains | TARGET | 1178 KM | 100% | 35% |
| | | ACHIEVEMENT | 430 KM | | |
| 7 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Gravity MS Pipe | TARGET | 55.90 KM | 100% | 2% |
| | | ACHIEVEMENT | 1.40 KM | | |

तत्पश्चात सतही स्त्रोत पेयजल योजना (पैकेज–2) के प्रोजेक्ट मैंनेजर द्वारा प्रगति के विषय में निम्न प्रकार अवगत कराया गया।

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 28.03.2025) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Construction of Over Head Tanks along with RTU Room | TARGET | 214 | 100% | 25% |
| | | ACHIEVEMENT (WIP) | 168 | | |
| 2 | Distribution System & Related work . | TARGET | 4566 | 90% | 50% |
| | | ACHIEVEMENT | 2390 | | |

- कार्यों की धीमी प्रगति के कारण निर्माणकर्ता फर्म मै0 एन0सी0सी0–एपको (जे0वी0) को चेतावनी पत्र निर्गत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया।
- पिछली बैठक में फर्म को 55 ग्रामों की सूची ( पाइप लाइन बिछाने, हाईड्रो टेस्टिंग, घरेलू जल संयोजन पूर्ण करने एवं सड़कों की पुर्नस्थापना सम्बन्धी समस्त कार्य पूर्ण होने) अधिशासी अभियन्ता को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गये थे, जिस पर फर्म द्वारा 32 ग्रामों में कार्य पूर्ण करने की सूची उपलब्ध कराई गई। पुनः मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म को 60 ग्रामों में समस्त कार्य माह अप्रैल 2025 तक पूर्ण कर सूची अधिशासी अभियन्ता को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गये।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मथुरा में पूर्व निर्मित 162 नग पेयजल योजनाओं में से 22 नग पेयजल योजनाएं पूर्ण क्षमता पर, 71 नग आंशिक तथा 69 नग बन्द हैं। उक्त योजनाओं में से 76 नग के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु मुख्यालय से मै0 जी0ए0 इन्फ्रा, प्रा0लि0 जयपुर को अनुबन्धित किया गया है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये कि गांव में कराये जा रहे सर्वे कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण कर प्राक्कलन प्रस्तुत किये जाएं तथा सभी गांव में एक साथ कार्य प्रारम्भ नहीं करना है।
- टी0पी0आई0ए0 द्वारा प्रत्येक माह Attend की गई RFI की Observation Summary Sheet बनाकर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये।

- जनपद में कार्यरत आई0एस0ए0 के कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि आई0एस0ए0 संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे द्वितीय चरण के कार्यों को फर्म मै0 एन0सी0सी0–एपको (जे0वी0) द्वारा उपलब्ध कराये गये 60 ग्रामों में बृहद स्तर पर जन जागरूकता के कार्य करने हैं तथा डी0पी0एम0यू0 टीम द्वारा भी कराये जा रहे कार्यों का समय पर निरीक्षण करना है।
- आई0एस0ए0 द्वारा प्रत्येक ग्राम के प्रत्येक मजरे में जाकर द्वितीय चरण के कार्य करने एवं कार्यों के फोटोग्राफ भी ग्रामवाइज उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गये।
- अन्त में निर्देश दिए गये कि दोनों पैकेजों में निर्माणाधीन कार्यों पर समानान्तर कार्य करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ा ली जाए।

**अधिशासी अभियन्ता**
**खण्ड कार्यालय,**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)**
**मथुरा।**

पत्रांक 306 / जल जीवन मिशन / 97 दिनांक 15/04/2025
**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा।
2. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
3. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0)/अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय/अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रोजेक्ट मैंनेजर, मै0 एन0सी0–एपको (जे0वी0) (पैकेज–I एवं II), मथुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्नॉ, प्रा0लि0) मथुरा।
8. जनपद मथुरा में कार्यरत समस्त आई0एस0ए0।

15/4 **अधिशासी अभियन्ता**